बिहार सरकार
कृषि विभाग

पत्रांक :— NHM/BHDS/255/2024-पी०पी०एम०-139- /पटना दिनांक:08/10/ 2024

प्रेषक,

**शैलेन्द्र कुमार**
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**महालेखाकार, बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

**(+) अनौपचारिक रूप से परामर्शित** द्वारा : **वित्त विभाग, बिहार, पटना।** (+)

विषय : **चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत राज्य स्कीम मद से मखाना बीज वितरण विशेष योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिए कुल 252.393 लाख (दो करोड़ बावन लाख उनचालीस हजार तीन सौ) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेश : **स्वीकृत।**

चतुर्थ कृषि रोड मैप अन्तर्गत राज्य स्कीम मद से मखाना बीज वितरण विशेष योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024—25 के लिए कुल 252.393 लाख (दो करोड़ बावन लाख उनचालीस हजार तीन सौ) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के मखाना उत्पादक जिलों में मखाना के उन्नत प्रभेद का बीज वितरण कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाकर किसान की आय में वृद्धि कर उन्हें लाभान्वित करना है।

3. योजना का भौतिक आकार अनुसूची— 01 के अनुरूप है, जिसकी कुल लागत राशि 252.393 लाख (दो करोड़ वावन लाख उनचालीस हजार तीन सौ) रूपये मात्र है। योजना का कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2024—25 में किया जायेगा।

जिलावार एवं अवयववार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य **अनुसूची—2** के रूप में संलग्न है।

4. मखाना के अनुशंसित प्रभेद का बीज यथा स्वर्ण वैदेही, राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केन्द्र, दरभंगा के माध्यम से तथा सबौर मखाना—1, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

5. मखाना की खेती के तहत् मखाना का पौधशाला लगाने का उचित समय दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह से लेकर तृतीय सप्ताह है, इस हेतु मखाना बीज वितरण का कार्य नवम्बर, 2024 में किया जायेगा।

6. इस योजना का कार्यान्वयन राज्य के 11 जिलों यथा — दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, अररिया, किशनगंज, पूर्णियाँ, खगड़िया, सीतामढ़ी एवं कटिहार में किया जायेगा।

7. योजना का लाभ लेने के लिए किसान को डी.बी.टी. पोर्टल पर पंजीकृत होना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय साईट http://horticulture.bihar.gov.in पर उपलब्ध "मखाना बीज वितरण विशेष योजना'' के आवेदन करें" लिंक पर Click कर आवेदन किया जा सकेगा।

8. इस योजना अन्तर्गत कृषकों को 30 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से अनुशंसित प्रभेदों का बीज उपलब्ध कराई जायेगी। स्वर्ण वैदेही प्रभेद का प्रति किलोग्राम बीज का मूल्य 220.00 रूपये है तथा प्रति हेक्टेयर बीज का कुल मूल्य 6600.00 रूपये पर 75 प्रतिशत यानि 4950.00 रूपये तथा सबौर मखाना–1 का प्रति किलोग्राम बीज का मूल्य 255.00 रूपये तथा प्रति हेक्टेयर बीज का कुल मूल्य 7650.00 रूपये पर 75 प्रतिशत यानि 5737.50 रूपये सहायतानुदान दिया जायेगा।

9. एक किसान को न्यूनतम 0.1 हेक्टेयर एवं अधिकतम 4 हेक्टेयर का बीज सहायता उपलब्ध कराया जायेगा। इसके तहत् किसानों को मात्र बीज हीं दिया जायेगा। कृषक अंश की राशि सहायक निदेशक उद्यान द्वारा एकत्रित कर संबंधित संस्था को उपलब्ध कराया जायेगा।

10. इस योजना कार्यान्वयन से लगभग 7000 मानव दिवस सृजन होने की संभावना है।

11. मखाना की खेती चिन्हित जिलों के चिन्हित समुदाय के लोगों के द्वारा हीं किया जाता है। योजना अन्तर्गत निर्धारित बीज वितरण का शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के तहत् सहायक निदेशक उद्यान से प्राप्त श्रेणीवार Feedback के आलोक में भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य को श्रेणीवार निर्धारित की गई है, जिसके कारण वित्तीय लक्ष्य 78.56 : 20 : 1.44 के अनुपात में नहीं है।

12. निदेशक उद्यान द्वारा स्वीकृत राशि को सचिवालय कोषागार विकास भवन, पटना से BTC-42 प्रपत्र पर निकासी कर मिशन निदेशक, बिहार बागवानी विकास सोसाईटी के PLA खाता संख्या PBBPLA021 में अंतरित किया जायेगा।

मिशन निदेशक के द्वारा जिलावार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप PBBPLA021 खाता से बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर को 197.944 लाख रूपये तथा राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केन्द्र, दरभंगा को 49.5 लाख रूपये के अधीन बीज की वास्तविक आपूरित मात्रा अनुरूप देय राशि उपलब्ध करायी जायेगी तथा संबंधित जिले के सहायक निदेशक उद्यान को अनुसूची–2 के आलोक में आकस्मिकता मद की राशि CFMS प्रणाली के तहत उनके संबंधित PLA लेजर में उपलब्ध कराया जायेगा।

13. जिलावार एवं श्रेणीवार भौतिक लक्ष्य के आलोक में स्वीकृत मखाना के अनुशंसित प्रभेद का बीज क्रमशः स्वर्ण वैदेही एवं सबौर मखाना–1 राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केन्द्र, दरभंगा एवं बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर भागलपुर से संबंधित सहायक निदेशक उद्यान द्वारा प्राप्त कर सुविधानुसार कैम्प के माध्यम से वितरण किया जायेगा।

14. आकस्मिकता मद में स्वीकृत राशि का उपयोग बीज के परिवहन पर व्यय किया जायेगा।

15. योजना कार्यान्वयन के क्रम में यथावश्यक संशोधन प्रशासी विभाग द्वारा वित्तीय सीमा के अधीन किया जा सकेगा।

16. योजना के कार्यान्वयन में वित्त विभागीय पत्रांक 2561 दिनांक 17.04.1998 का अनुपालन सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

17. योजना अन्तर्गत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यान्वयन एजेंसी के द्वारा प्रशासी विभाग एवं महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना को स्वीकृत्यादेश निर्गत की तिथि से 18 माह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा। महालेखाकार बिहार, पटना को अंकेक्षण का अधिकार होगा।

18. योजना का कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2024–25 में सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमोदित कार्यान्वयन अनुदेश के आलोक में किया जायेगा।

19. उक्त योजना का कार्यान्वयन एजेंसी संबंधित जिला के सहायक निदेशक उद्यान होंगे, जो योजना के कार्यान्वयन तथा आवंटित राशि के व्यय के लिए पूर्णतः जबावदेह होंगे।

20. योजना के सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी, निदेशक, उद्यान, बिहार होंगे।

21. वित्तीय वर्ष 2024–25 में बजट शीर्ष एवं उपबंधित राशि से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है :–

(राशि लाख रूपये में)

| बजट शीर्ष | उपबंधित राशि | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष 119– बागवानी तथा वनस्पति फसलें, माँग संख्या 01, उप शीर्ष 0101– उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01.2401001190101, विषय शीर्ष 0101.31.06 सहायक अनुदान–गैर वेतन। | 23568.00 | 224.037 |
| मुख्य शीर्ष "2401–फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष – 00, लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, माँग संख्या 01, उप शीर्ष – 0130 उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01.2401007890130, विषय शीर्ष 0130. 31.06 सहायक अनुदान–गैर वेतन। | 6000.00 | 26.308 |
| मुख्य शीर्ष "2401 फसल कृषि कर्म, उपमुख्य शीर्ष– 00, लघु शीर्ष 796–जनजातीय क्षेत्र उप योजना, माँग संख्या 01, उपशीर्ष 0152 – उद्यान विकास योजना, विपत्र कोड 01.2401007960152, विषय शीर्ष 0152.31.06 सहायक अनुदान– गैर वेतन। | 432.00 | 2.048 |
| कुल | **30000.00** | **252.393** |

22. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक–31.05.2017 में निहित प्रावधान के आलोक में नई योजना के रूप में योजना कार्यान्वयन प्रस्ताव एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर सचिव, कृषि का अनुमोदन संचिका संख्या– NHM/BHDS/255/2024 के पृष्ठ संख्या–21/टि० पर दिनांक–03.10.2024 को प्राप्त है।

23. वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–7355 वि० दिनांक 05.10.2007 के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

24. स्वीकृत्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– NHM/BHDS/255/2024 के पृष्ठ संख्या–23/टि० पर दिनांक 08.10.2024 को प्राप्त है, जिसका डायरी संख्या–687 दिनांक–08.10.2024 है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

08/10/24

(शैलेन्द्र कुमार)
अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– NHM/BHDS/255/2024-पी०पी०एम०-139- /पटना दिनांक 08/10/ 2024

प्रतिलिपि : प्रभारी पदाधिकारी, अंकेक्षण, महालेखाकार (ले० एवं ह०) कार्यालय, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/10/24

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– NHM/BHDS/255/2024-पी०पी०एम०-139- /पटना दिनांक 08/10/ 2024

प्रतिलिपि : योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/10/24

अपर सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

C:\Users\PPM\Downloads\Makhana Beej vitran sukritiadesh 24-25 (252.393).doc

ज्ञापांक :– NHM/BHDS/255/2024-बी०बी०एम०-139- /पटना दिनांक:08/10/ 2024

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– NHM/BHDS/255/2024-बी०बी०एम०-139- /पटना दिनांक:08/10/ 2024

प्रतिलिपि : सचिवालय कोषागार पदाधिकारी, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/10/24

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– NHM/BHDS/255/2024-बी०बी०एम०-139- /पटना दिनांक:8/10/ 2024

प्रतिलिपि : माननीय कृषि मंत्री के आप्त सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव, बिहार, पटना/सचिव, कृषि के आप्त सचिव/कृषि निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक उद्यान, बिहार, पटना/मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना/अपर कृषि निदेशक, प्रसार, बिहार, पटना/निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना/निदेशक, पी०पी०एम०, कृषि विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक/संबंधित उप निदेशक/संबंधित, सहायक निदेशक उद्यान/मुख्यालय स्थित सभी संबंधित पदाधिकारीगण/ बजट एवं योजना शाखा (सचिवालय एवं निदेशालय) कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

08/10/24

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– NHM/BHDS/255/2024-बी०बी०एम०-139- /पटना दिनांक:08/10/ 2024

प्रतिलिपि : उप निदेशक (शष्य), सूचना, बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर डालने एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कोषागार पदाधिकारी को ई–मेल से भेजने हेतु प्रेषित।

08/10/24

अपर सचिव,

कृषि विभाग, बिहार, पटना।

अनुसूची–1

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मखाना बीज वितरण विशेष योजना

(भौतिक– सं०/हे० में, राशि– लाख रू० में)

| क्र० सं० | घटक का नाम | बीज दर | अनुशंसित प्रभेद | प्रति किलोग्राम मूल्य (रू० में) | प्रति हे० बीज की इकाई लागत (लाख रू०) | सहायतानुदान (प्रतिशत) | प्रति हेक्टेयर सहायतानुदान (लाख रू०) | भौतिक लक्ष्य (हे० में) | वित्तीय लक्ष्य (लाख रू०) | परिवहन हेतु आकस्मिकता @2% | कुल वित्तीय लक्ष्य (लाख रू०) | लक्षित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | मखाना बीज वितरण कार्यक्रम | 30 किलोग्राम/हे० | स्वर्ण वैदेही | 220.00 | 0.0660/ha | 75 | 0.0495 | 1000 | 49.500 | 0.990 | 50.490 | दरभंगा, मधुबनी, सुपौल मधेपुरा, सीतामढ़ी |
| | | | सबौर मखाना–1 | 255.00 | 0.07650/ha | 75 | 0.057375 | 3450 | 197.944 | 3.959 | 201.903 | सुपौल,मधेपुरा, सहरसा, अररिया, किशनगंज, पूर्णियाँ, खगड़िया, कटिहार |
| | कुल | | | | | | | **4450** | **247.444** | **4.949** | **252.393** | |

(दो करोड़ बावन लाख उनचालीस हजार तीन सौ रूपये मात्र)

(डॉ० राकेश कुमार)

निदेशक उद्यान–सह–मिशन निदेशक,
राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना।

अनुसूची :– 02 (2/3)

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मखाना बीज वितरण विशेष योजना का भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य

मात्रा किलोग्राम/राशि लाख रूपये में

| क्र० सं० | जिला/कार्यान्वयन एजेन्सी | भौतिक लक्ष्य (हे०) | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वर्ण वैदेही | | | | सबौर मखाना–1 | | | | | स्वर्ण वैदेही @0.0495 लाख प्रति हे० | | | सबौर मखाना–1 @0.057375 लाख प्रति हे० | | | |
| | | भौतिक | | | बीज की मात्रा (कि०ग्रा०) | भौतिक | | | | बीज की मात्रा (कि०ग्रा०) | | | | | | | |
| | | सामान्य | अनुसूचित जाति | कुल | | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल | | सामान्य | अनुसूचित जाति | कुल | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | सहायक निदेशक उद्यान, दरभंगा | 380 | 20 | 400 | 12000 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 | 18.810 | 0.990 | 19.800 | 0 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 2 | सहायक निदेशक उद्यान, मधुबनी | 380 | 20 | 400 | 12000 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 | 18.810 | 0.990 | 19.800 | 0 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| 3 | सहायक निदेशक उद्यान, सुपौल | 95 | 0 | 95 | 2850 | 465.00 | 25.00 | 10.00 | 500 | 15000 | 4.702 | 0.000 | 4.702 | 26.679 | 1.434 | 0.574 | 28.687 |
| 4 | सहायक निदेशक उद्यान, मधेपुरा | 100 | 0 | 100 | 3000 | 475.00 | 25.00 | 0.00 | 500 | 15000 | 4.950 | 0.000 | 4.950 | 27.254 | 1.434 | 0.000 | 28.688 |
| 5 | सहायक निदेशक उद्यान, सहरसा | 0 | 0 | 0 | 0 | 475.00 | 25.00 | 0.00 | 500 | 15000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 27.254 | 1.434 | 0.000 | 28.688 |
| 6 | सहायक निदेशक उद्यान, अररिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 360.00 | 40.00 | 0.00 | 400 | 12000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 20.655 | 2.295 | 0.000 | 22.950 |
| 7 | सहायक निदेशक उद्यान, किशनगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | 235.00 | 60.00 | 5.00 | 300 | 9000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 13.483 | 3.443 | 0.287 | 17.213 |
| 8 | सहायक निदेशक उद्यान, पूर्णियाँ | 0 | 0 | 0 | 0 | 470.00 | 120.00 | 10.00 | 600 | 18000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 26.966 | 6.885 | 0.574 | 34.425 |
| 9 | सहायक निदेशक उद्यान, कटिहार | 0 | 0 | 0 | 0 | 470.00 | 120.00 | 10.00 | 600 | 18000 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 26.966 | 6.885 | 0.574 | 34.425 |
| 10 | सहायक निदेशक उद्यान, खगड़िया | 0 | 0 | 0 | 0 | 50.00 | 0.00 | 0.00 | 50 | 1500 | 0.000 | 0.000 | 0.000 | 2.868 | 0.000 | 0.000 | 2.868 |
| 11 | सहायक निदेशक उद्यान,सीतामढ़ी | 5 | | 5 | 150 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0 | 0 | 0.248 | 0.000 | 0.248 | 0 | 0.000 | 0.000 | 0.000 |
| कुल | | **960** | **40** | **1000** | **30000** | **3000.00** | **415.00** | **35.00** | **3450.00** | **103500** | **47.520** | **1.980** | **49.500** | **172.125** | **23.810** | **2.009** | **197.944** |

( डॉ० राकेश कुमार )

(अभिषेक कुमार)

अनुसूची-2 (2/2)

वित्तीय वर्ष 2024–25 में मखाना बीज वितरण विशेष योजना का भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य

(वित्तीय लक्ष्य लाख रू० में)

| क्र० सं० | जिला / कार्यान्वयन एजेन्सी | कुल वित्तीय लक्ष्य (लाख रू०) | | | | परिवहन हेतु आकस्मिकता @2% | | | | कुल वित्तीय लक्ष्य आकस्मिकता सहित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य (12+15) | अनुसूचित जाति (13+16) | अनुसूचित जनजाति (17) | कुल (14+18) | सामान्य | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | कुल | सामान्य (19+23) | अनुसूचित जाति (20+24) | अनुसूचित जनजाति (21+25) | कुल |
| 1 | 2 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 1 | सहायक निदेशक उद्यान, दरभंगा | 18.810 | 0.990 | 0.000 | 19.800 | 0.376 | 0.020 | 0.000 | 0.396 | 19.186 | 1.010 | 0.000 | 20.196 |
| 2 | सहायक निदेशक उद्यान, मधुबनी | 18.810 | 0.990 | 0.000 | 19.800 | 0.376 | 0.020 | 0.000 | 0.396 | 19.186 | 1.010 | 0.000 | 20.196 |
| 3 | सहायक निदेशक उद्यान, सुपौल | 31.381 | 1.434 | 0.574 | 33.389 | 0.628 | 0.029 | 0.011 | 0.668 | 32.009 | 1.463 | 0.585 | 34.057 |
| 4 | सहायक निदेशक उद्यान, मधेपुरा | 32.204 | 1.434 | 0.000 | 33.638 | 0.644 | 0.029 | 0.000 | 0.673 | 32.848 | 1.463 | 0.000 | 34.311 |
| 5 | सहायक निदेशक उद्यान, सहरसा | 27.254 | 1.434 | 0.000 | 28.688 | 0.545 | 0.029 | 0.000 | 0.574 | 27.799 | 1.463 | 0.000 | 29.262 |
| 6 | सहायक निदेशक उद्यान, अररिया | 20.655 | 2.295 | 0.000 | 22.950 | 0.413 | 0.046 | 0.000 | 0.459 | 21.068 | 2.341 | 0.000 | 23.409 |
| 7 | सहायक निदेशक उद्यान, किशनगंज | 13.483 | 3.443 | 0.287 | 17.213 | 0.270 | 0.069 | 0.006 | 0.345 | 13.753 | 3.512 | 0.293 | 17.558 |
| 8 | सहायक निदेशक उद्यान, पूर्णियाँ | 26.966 | 6.885 | 0.574 | 34.425 | 0.539 | 0.138 | 0.011 | 0.688 | 27.505 | 7.023 | 0.585 | 35.113 |
| 9 | सहायक निदेशक उद्यान, कटिहार | 26.966 | 6.885 | 0.574 | 34.425 | 0.539 | 0.138 | 0.011 | 0.688 | 27.505 | 7.023 | 0.585 | 35.113 |
| 10 | सहायक निदेशक उद्यान, खगड़िया | 2.868 | 0.000 | 0.000 | 2.868 | 0.057 | 0.000 | 0.000 | 0.057 | 2.925 | 0.000 | 0.000 | 2.925 |
| 11 | सहायक निदेशक उद्यान,सीतामढ़ी | 0.248 | 0.000 | 0.000 | 0.248 | 0.005 | 0.000 | 0.000 | 0.005 | 0.253 | 0.000 | 0.000 | 0.253 |
| कुल | | **219.645** | **25.790** | **2.009** | **247.444** | **4.392** | **0.518** | **0.039** | **4.949** | **224.037** | **26.308** | **2.048** | **252.393** |

(दो करोड़ बावन लाख उनचालीस हजार तीन सौ रूपये मात्र)

( डॉ० राकेश कुमार )

निदेशक उद्यान–सह–मिशन निदेशक,
राज्य बागवानी मिशन, बिहार, पटना।